# अध्याय - 2 | जैविक खेती - परिभाषा, महत्त्व एवं भविष्य

## QUIZ-01

**1. जैविक खेती में 'कृषि' को किस रूप में देखा जाता है?**

A. केवल उत्पादन प्रणाली
B. केवल पौधों की देखभाल
C. एक पूर्ण जीवित संगठन
D. केवल पशुपालन का हिस्सा (C)

*व्याख्या:* जैविक खेती में 'कृषि' को एक पूर्ण जीवित संगठन के रूप में देखा जाता है, जिसमें खेत, पशु, मनुष्य आदि सभी एक दूसरे से जुड़े होते हैं।

**2. जैविक खेती के अंतर्गत कौन-से घटक शामिल नहीं हैं?**

A. मित्र कीट
B. रासायनिक उर्वरक
C. पशुधन
D. मृदा (B)

*व्याख्या:* जैविक खेती में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग प्रतिबंधित है और यह केवल प्राकृतिक और जैविक घटकों पर आधारित होती है।

**3. 'स्वास्थ्य का सिद्धांत' जैविक खेती के किस पहलू को दर्शाता है?**

A. उत्पादन की मात्रा
B. मौसम की जानकारी
C. मृदा, पौध, पशु और मानव का स्वास्थ्य
D. बाजार की मांग (C)

*व्याख्या:* यह सिद्धांत मृदा, फसल, पशु और मानव स्वास्थ्य की निरंतरता और वृद्धि को प्राथमिकता देता है।

**4. भारत का पहला जैविक राज्य कौन-सा घोषित किया गया था?**

A. केरल
B. सिक्किम
C. मध्यप्रदेश
D. उत्तराखंड (B)

*व्याख्या:* 18 जनवरी 2016 को सिक्किम को भारत का पहला जैविक राज्य घोषित किया गया।

**5. 'खाद' शब्द की उत्पत्ति किससे मानी जाती है?**

A. उर्वरक से
B. गोबर से
C. संस्कृत शब्द 'खाद्य' से
D. मृदा से (C)

*व्याख्या:* खाद शब्द संभवतः संस्कृत शब्द 'खाद्य' से बना है, जिसका अर्थ है भोजन।

**6. जैविक खेती में किस प्रकार की खाद का प्रमुख स्थान होता है?**

A. रासायनिक उर्वरक
B. जीवांश खाद
C. सिंथेटिक खाद
D. फॉस्फेट खाद (B)

*व्याख्या:* जैविक खेती में जीवांश खाद जैसे गोबर, हरी खाद, कम्पोस्ट आदि का उपयोग किया जाता है।

**7. किसने 'Look to the Land' पुस्तक में पहली बार 'Organic Farming' शब्द का प्रयोग किया था?**

A. सर अल्बर्ट हावर्ड
B. डॉ. रुडोल्फ स्टेनर
C. लेडी वेलफोर
D. लार्ड वॉल्टर नॉर्थबोर्न (D)

*व्याख्या:* लार्ड वॉल्टर नॉर्थबोर्न ने 1940 में अपनी पुस्तक 'Look to the Land' में 'ऑर्गेनिक फार्मिंग' शब्द का प्रयोग किया।

**8. जैविक खाद का पौधों पर क्या मुख्य प्रभाव होता है?**

A. केवल नाइट्रोजन मिलती है
B. केवल जल की पूर्ति होती है
C. सभी आवश्यक 17 पोषक तत्वों की आपूर्ति
D. सिर्फ कीट नियंत्रण होता है (C)

*व्याख्या:* जैविक खादों से पौधों को सभी आवश्यक 17 पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, जो रासायनिक उर्वरकों से नहीं मिलते।

**9. जैविक खेती से किस प्रकार के बाजार में लाभ लिया जा सकता है?**

A. पारंपरिक
B. सामान्य स्थानीय बाजार
C. अंतरराष्ट्रीय जैविक उत्पाद बाजार
D. अंतरराष्ट्रीय जैविक उत्पाद बाजार (C)

*व्याख्या:* जैविक खेती से उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय जैविक बाजार में निर्यात कर लाभ कमाया जा सकता है।

**10. भारत में जैविक खेती के लिए किस वर्ष राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी?**

A. 1993
B. 1999
C. 2000
D. 2005 (C)

*व्याख्या:* अप्रैल 2000 में भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम शुरु किया।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES